collegebatch.com

**Series : ZXW5Y** **SET~3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/5/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **80***

| नोट | NOTE |
| --- | --- |
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **25 + 1** मानचित्र हैं। | (I) Please check that this question paper contains **25** printed pages **+ 1** Map. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। | (II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। | (III) Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।** | (IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. # |

collegebatch.com

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **21** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **22** से **27** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** से **80** शब्दों में लिखिए।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **28** से **30** दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300** से **350** शब्दों में लिखिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **31** से **33** तीन उप-प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं। यह प्रश्न **5** अंकों का है। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रश्न-पत्र के खण्ड ख, ग तथा ङ में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखना है।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** ***21×1=21***

**1.** निम्नलिखित में से राजा कृष्णदेव राय द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध साहित्यिक कृति कौन-सी है ?

(A) *अमुक्तमाल्यद*

(B) *पोन्नियिन सेलवन*

(C) *कादंबरी*

(D) *मालतीमाधव*

**2.** अगर आपको अमीर खुसरो पर एक वृत्तचित्र (documentary) बनाना हो, तो कौन-सा पहलू उनके सांस्कृतिक महत्ता को सबसे अच्छा उजागर करेगा ?

(A) अरबी भाषा में उनकी महारत

(B) उनकी कविताएँ और संगीत समा

(C) उर्दू के विकास में उनका योगदान

(D) दिल्ली सल्तनत से उनका संबंध

collegebatch.com

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *Question paper is divided into **five** Sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

(iii) ***Section A** – questions number **1** to **21** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

(iv) ***Section B** – questions number **22** to **27** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Write answer to each question in **60** to **80** words.*

(v) ***Section C** – questions number **28** to **30** are Long Answer (LA) type questions. Each question carries **8** marks. Write answer to each question in **300** to **350** words.*

(vi) ***Section D** – questions number **31** to **33** are Source-based questions having three sub-questions. Each question carries **4** marks.*

(vii) ***Section E** – question number **34** is Map-based question that includes the identification and location of significant test items. This question carries **5** marks. Attach the Map with the answer-book.*

(viii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in Sections B, C and E of question paper. A candidate has to write answer for only one of the alternatives in such questions.*

(ix) *In addition to this, Note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A

**(Multiple Choice Type Questions)** ***21×1=21***

**1.** Which one of the following is a famous literary work authored by Raja Krishnadeva Raya ?

(A) *Amuktamalyada*

(B) *Ponniyin Selvan*

(C) *Kadambari*

(D) *Malatimadhava*

**2.** If you were to create a documentary on Amir Khusrau, which aspect would best highlight his cultural significance ?

(A) His proficiency in Arabic language

(B) His poetry and musical *sama*

(C) His contribution to the development of Urdu

(D) His association with the Delhi Sultanate

collegebatch.com

**3.** निम्नलिखित में से इब्न बतूता और अल-बिरूनी के कार्यों के बीच कौन-सी समानता है ?

(A) दोनों ने अपनी संस्कृति के प्रसार का लक्ष्य रखा

(B) दोनों ने ज्ञान की खोज के लिए यात्रा की

(C) दोनों ने राजनीतिक इतिहास पर ध्यान केंद्रित किया

(D) दोनों ने स्थानीय रीति-रिवाज़ों की आलोचना की

**4.** दिए गए चित्र में दिखाई गई बोधिसत्त की मूर्ति निम्नलिखित में से किस कला-शैली से प्रभावित है ?



(A) मथुरा

(B) गांधार

(C) अमरावती

(D) नालंदा

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **4** के स्थान पर है :*

भारत में 'बराबर की गुफाएँ' निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में स्थित हैं ?

(A) राजस्थान

(B) महाराष्ट्र

(C) बिहार

(D) ओडिशा

3. Which of the following is a similarity between the works of Ibn Battuta and Al-Biruni ?

(A) Both aimed to spread their culture

(B) Both travelled to seek knowledge

(C) Both focused on political history

(D) Both criticized local customs

4. The sculpture of the Bodhisatta statue shown in the image below is influenced by which of the following schools of art ?



(A) Mathura

(B) Gandhara

(C) Amravati

(D) Nalanda

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates,*** *only in lieu of Q. No.* ***4****.*

In which of the following regions are the 'Barabar Caves' located in India ?

(A) Rajasthan

(B) Maharashtra

(C) Bihar

(D) Odisha

collegebatch.com

**5.** निम्नलिखित जानकारी की सहायता से प्राचीन भारतीय ग्रंथ की पहचान कीजिए :

- संस्कृत ग्रंथ जिसका संकलन 200 ई.पू. से 200 ई. के बीच हुआ।
- आचार संहिताओं का व्यापक मानदंड तैयार किया गया।
- सामाजिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर दिशानिर्देश प्रदान किए गए।

(A) मनुस्मृति
(B) रामायण
(C) उपनिषद्
(D) वेद

**6.** बौद्ध ग्रंथों के संदर्भ में स्तंभ I का मिलान स्तंभ II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | *स्तंभ I (बौद्ध ग्रंथ)* | | *स्तंभ II (वर्णन)* |
|---|---|---|---|
| a. | *विनय पिटक* | i. | मठों के नियमों का संग्रह |
| b. | *अभिधम्म पिटक* | ii. | द्वीप का इतिहास |
| c. | *दीपवंश* | iii. | क्षेत्रों का बौद्ध इतिहास |
| d. | *महावंश* | iv. | दर्शन से जुड़े विषय |

**विकल्प :**

(A) a-iii, b-i, c-ii, d-iv
(B) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(C) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(D) a-i, b-iv, c-ii, d-iii

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा छठी शताब्दी ई.पू. के दौरान प्रत्येक शहर को उसके संचार के प्राथमिक मार्ग से सही ढंग से जोड़ता है ?

(A) पाटलिपुत्र – समुद्री मार्ग; उज्जयिनी – स्थल मार्ग; पुहार – नदी मार्ग; मथुरा – तटीय मार्ग
(B) पाटलिपुत्र – नदी मार्ग; उज्जयिनी – स्थल मार्ग; पुहार – तटीय मार्ग; मथुरा – स्थल मार्ग
(C) पाटलिपुत्र – स्थल मार्ग; उज्जयिनी – तटीय मार्ग; पुहार – नदी मार्ग; मथुरा – समुद्री मार्ग
(D) पाटलिपुत्र – तटीय मार्ग; उज्जयिनी – स्थल मार्ग; पुहार – तटीय मार्ग; मथुरा – समुद्री मार्ग

**5.** Identify the ancient Indian text with the help of the following information :

- Sanskrit text compiled between c. 200 BCE and 200 CE.
- Provided a comprehensive code of laws.
- Offered guidelines on various aspects of social life.

(A) Manusmriti
(B) Ramayana
(C) Upanishads
(D) Vedas

**6.** Match Column I with Column II regarding the Buddhist texts and choose the correct option from the following :

| | *Column I* *(Buddhist Text)* | | *Column II* *(Description)* |
|---|---|---|---|
| a. | *Vinaya Pitaka* | i. | Rules and regulations for monastic order |
| b. | *Abhidhamma Pitaka* | ii. | Chronicle of the island |
| c. | *Dipavamsa* | iii. | Regional histories of Buddha |
| d. | *Mahavamsa* | iv. | Dealt with philosophical matters |

**Options :**
(A) a-iii, b-i, c-ii, d-iv
(B) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(C) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(D) a-i, b-iv, c-ii, d-iii

**7.** Which one of the following correctly associates a city with its primary route of communication during the sixth century BCE ?
(A) Pataliputra – Sea route; Ujjayini – Land route; Puhar – Riverine route; Mathura – Coastal route
(B) Pataliputra – Riverine route; Ujjayini – Land route; Puhar – Coastal route; Mathura – Land route
(C) Pataliputra – Land route; Ujjayini – Coastal route; Puhar – Riverine route; Mathura – Sea route
(D) Pataliputra – Coastal route; Ujjayini – Land route; Puhar – Coastal route; Mathura – Sea route

collegebatch.com

**8.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R) । इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* प्राचीन भारत के राजनीतिक इतिहास को समझने के लिए जेम्स प्रिंसेप का कार्य महत्त्वपूर्ण था।

*कारण (R) :* अभिलेखों को समझने से राजनीतिक घटनाओं और शासकों के बारे में जानकारी मिलती है।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सी *महाभारत* के आख्यान खंडों की विशेषता है ?

(A) इनमें आर्थिक विवरण होता है

(B) इनमें कहानियों का संग्रह है

(C) इनमें सांस्कृतिक अनुष्ठानों का वर्णन है

(D) इनमें दार्शनिक चर्चाएँ हैं

**10.** हड़प्पा समाज के भीतर सामाजिक भिन्नताओं का अध्ययन करने के लिए पुरातत्त्वविदों द्वारा उपयोग की जाने वाली प्राथमिक विधि निम्नलिखित में से कौन-सी है ?

(A) फसल चक्र का अध्ययन करना

(B) मुहरों की बनावट का विश्लेषण करना

(C) शवाधानों की परख करना

(D) धार्मिक मान्यताओं का अध्ययन करना

**11.** ब्रिटिश द्वारा बंगाल में लागू किए गए सूर्यास्त कानून में, निर्धारित तिथि को सूर्यास्त से पहले राजस्व का भुगतान न करने का निम्नलिखित में से क्या परिणाम होता था ?

(A) भुगतान अवधि बढ़ा दी जाती थी।

(B) ज़मींदारी को नीलाम कर दिया जाता था।

(C) राजस्व की दरों को कम कर दिया जाता था।

(D) मामलों को उच्च न्यायालय में भेजा जाता था।

**8.** Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and select the correct option :

*Assertion (A) :* James Prinsep's work was crucial for understanding the political history of ancient India.

*Reason (R) :* Deciphering inscriptions provided insights into political events and rulers.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**9.** Which of the following is a characteristic of the narrative sections of the *Mahabharata* ?

(A) They contain economic descriptions

(B) They contain compiled stories

(C) They describe cultural rituals

(D) They are philosophical discussions

**10.** Which of the following is the primary method archaeologists used to study social differences within the Harappan society ?

(A) Studying cropping pattern

(B) Analysing designs of seals

(C) Examining burial customs

(D) Studying religious beliefs

**11.** Which of the following was the consequence of not paying the revenue by sunset on the specified date under the British Sunset Law enacted in Bengal ?

(A) The payment period was extended

(B) The Zamindari was put on auction

(C) The revenue rates were reduced

(D) The case was referred to the High Court

collegebatch.com

**12.** अंग्रेज़ों की निम्नलिखित में से किस नीति के कारण भारतीय सैनिकों में असंतोष पैदा हुआ, जिसने 1857 के विद्रोह में योगदान दिया ?

(A) सहायक संधि की नीति

(B) डलहौज़ी की विलय नीति

(C) चर्बी वाले कारतूसों के साथ एनफील्ड राइफलों का उपयोग

(D) पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली की शुरुआत

**13.** दी गई जानकारी की सहायता से 1905 के भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के नेता की पहचान कीजिए।

- यह नेता 'लाल-बाल-पाल' नामक तिकड़ी का हिस्सा थे, जो विभिन्न प्रांतों से होने के बावजूद भी उनके अखिल भारतीय चरित्र को दर्शाता था।
- वे महाराष्ट्र के थे।

(A) बाल गंगाधर तिलक

(B) भगत सिंह

(C) लाला हरदयाल

(D) लाला लाजपत राय

**14.** संविधान सभा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित है ?

| | *स्तंभ I* *(संविधान सभा की समितियाँ)* | | *स्तंभ II* *(अध्यक्ष)* |
|---|---|---|---|
| (A) | नियम समिति | – | जवाहरलाल नेहरू |
| (B) | संघ शक्ति समिति | – | बी.एन. राव |
| (C) | संघ संविधान समिति | – | बालकृष्ण शर्मा |
| (D) | प्रांतीय संविधान समिति | – | वल्लभभाई पटेल |

**15.** निम्नलिखित में से उड़ीसा (ओडिशा) से संविधान सभा की महिला सदस्य कौन थी ?

(A) हंसा मेहता

(B) दुर्गाबाई देशमुख

(C) मालती चौधरी

(D) रेणुका रे

collegebatch.com

**12.** Which one of the following policies by the British led to discontent among Indian soldiers, contributing to the Revolt of 1857 ?

(A) The policy of Subsidiary Alliance

(B) The Doctrine of Lapse of Dalhousie

(C) The use of Enfield Rifles with greased cartridges

(D) The introduction of western education system

**13.** Identify the leader of the Indian National Movement in 1905 with the help of the given information.

- This leader was a part of the trio known as Lal-Bal-Pal, signifying their all-India character despite being from different provinces.
- He belonged to Maharashtra.

(A) Bal Gangadhar Tilak

(B) Bhagat Singh

(C) Lala Hardayal

(D) Lala Lajpat Rai

**14.** Which of the following pairs is correctly matched regarding the Constituent Assembly ?

| | *Column I* *(Committees of Constituent Assembly)* | | *Column II* *(Presidents)* |
|---|---|---|---|
| (A) | Rules of Procedure Committee | – | Jawaharlal Nehru |
| (B) | Union Power Committee | – | B.N. Rao |
| (C) | Union Constitution Committee | – | Bal Krishna Sharma |
| (D) | Provincial Constitution Committee | – | Vallabhbhai Patel |

**15.** Who amongst the following was the female member from Orissa (Odisha) in the Constituent Assembly ?

(A) Hansa Mehta

(B) Durgabai Deshmukh

(C) Malati Chowdhury

(D) Renuka Ray

collegebatch.com

**16.** दक्कन दंगा आयोग के संदर्भ में कथनों को पढ़िए। निम्नलिखित में से सही विकल्प की पहचान कीजिए।

I. बंबई सरकार ने दंगों के कारणों की जाँच के लिए एक जाँच आयोग की स्थापना की।

II. 1878 में दक्कन दंगों की रिपोर्ट ब्रिटिश संसद में प्रस्तुत की गई।

III. आयोग की रिपोर्ट में केवल प्रत्यक्षदर्शियों से प्राप्त विवरण शामिल था।

IV. जाँच प्रक्रिया में रैयतों और साहूकारों के बयान दर्ज किए गए थे।

**विकल्प :**

(A) I, II और III

(B) II, III और IV

(C) I, II और IV

(D) I, III और IV

**17.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R)। इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* लॉर्ड वेलेज़्ली द्वारा शुरू की गई सहायक संधि प्रणाली ने भारतीय रियासतों को काफी कमज़ोर कर दिया।

*कारण (R) :* सहायक संधि के तहत भारतीय शासकों ने अपनी सैन्य स्वायत्तता खो दी।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

**18.** निम्नलिखित में से उचित विकल्प से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

जहाँ इतिहासकार विजयनगर साम्राज्य शब्द का प्रयोग करते हैं, वहीं समकालीन लोगों ने उसे "कर्नाटक ____________" की संज्ञा दी।

(A) हम्पी

(B) साम्राज्यमु

(C) नगर

(D) साम्राज्य

collegebatch.com

**16.** Read the statements about the Deccan Riots Commission. Identify which of the following options is correct.

I. The Government of Bombay established an enquiry commission to investigate the causes of the riots.

II. The Deccan Riots Report was presented to the British Parliament in 1878.

III. The Commission's report included only qualitative data from the eyewitnesses.

IV. The enquiry process involved recording statements from ryots and sahukars.

**Options :**

(A) I, II and III

(B) II, III and IV

(C) I, II and IV

(D) I, III and IV

**17.** Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and select the correct option :

*Assertion (A) :* The Subsidiary Alliance system introduced by Lord Wellesley, significantly weakened the Indian Princely States.

*Reason (R) :* Indian rulers lost their military autonomy under the Subsidiary Alliance.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**18.** Fill in the blank with the appropriate option from the following :

While historians use the term Vijayanagara Empire, contemporaries described it as the "Karnataka ___________".

(A) Hampi

(B) Samrajyamu

(C) Nagara

(D) Empire

collegebatch.com

**19.** *बर्नियर ने मुगल साम्राज्य की तुलना फ्रांसीसी राजतंत्र से की, और विशेष रूप से भारत में निजी संपत्ति अधिकारों की कमी की आलोचना की।*

यह तुलना बर्नियर के अपने सामाजिक-राजनीतिक संदर्भ को कैसे दर्शाती है ?

(A) भारतीय शासन में सामंतवाद का समर्थन

(B) निरंकुशता का समर्थन और भारत की आलोचना

(C) निजी संपत्ति का समर्थन, भारत को कमतर समझना

(D) यूरोपीय कानूनी ढाँचों की श्रेष्ठता में विश्वास

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प भारत में मुगल शासकों के सही कालानुक्रमिक क्रम को दर्शाता है ?

I. औरंगज़ेब का शासनकाल

II. अकबर का शासनकाल

III. शाहजहाँ का शासनकाल

IV. जहाँगीर का शासनकाल

**विकल्प :**

(A) I, II, III, IV

(B) II, III, IV, I

(C) III, II, I, IV

(D) II, IV, III, I

**21.** यदि आप अकबर के शासन की आर्थिक नीतियों और राजस्व संग्रह विधियों पर शोध कर रहे हैं तो '*आइन-ए-अकबरी*' का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग सबसे अधिक प्रासंगिक जानकारी प्रदान करेगा ?

(A) मंज़िल-आबादी

(B) सिपह-आबादी

(C) मुल्क-आबादी

(D) दफ़्तर-ए-नौ

**19.** *Bernier compared the Mughal Empire to the French monarchy, and particularly criticized the absence of private property rights in India.*

How does this comparison reflect Bernier's own socio-political context ?

(A) Advocacy for feudalism in Indian governance

(B) Support for absolutism and critiquing India

(C) Support of private property, leading to underestimating India

(D) Belief in the superiority of European legal structures

**20.** Which of the following options represents the correct chronological order of Mughal rulers in India ?

I. Reign of Aurangzeb

II. Reign of Akbar

III. Reign of Shah Jahan

IV. Reign of Jahangir

**Options :**

(A) I, II, III, IV

(B) II, III, IV, I

(C) III, II, I, IV

(D) II, IV, III, I

**21.** If you were researching the economic policies and revenue collection methods of Akbar's reign, which of the following sections of the *Ain-i-Akbari* would provide the most relevant information ?

(A) Manzil-Abadi

(B) Sipah-Abadi

(C) Mulk-Abadi

(D) Daftar-e-Nau

## खण्ड ख

## (लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)

$6 \times 3 = 18$

**22.** (क) *महाभारत* के समालोचनात्मक संस्करण को तैयार करने में वी.एस. सुकथांकर और उनकी टीम द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं का वर्णन कीजिए। 3

**अथवा**

(ख) महाभारत काल के दौरान पारिवारिक संबंधों को प्रभावित करने वाले विवाह के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए। 3

**23.** "मगध प्राचीन भारत में एक प्रमुख राजनीतिक केन्द्र बन गया।" उदाहरणों सहित कथन की व्याख्या कीजिए। 3

**24.** (क) कल्पना कीजिए कि आप एक इतिहासकार के रूप में *महानवमी डिब्बा* पर आयोजित घटनाओं का पुनर्निर्माण कर रहे हैं। इस मंच की वास्तुकला आपको वहाँ के राजकीय समारोहों को समझने में कैसे मदद करेगी ? स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

(ख) कल्पना कीजिए कि आप विजयनगर साम्राज्य में रायों और नायकों की भूमिकाओं का अध्ययन कर रहे हैं। उनकी प्रशासनिक भूमिकाओं ने साम्राज्य की स्थिरता पर क्या प्रभाव डाला ? स्पष्ट कीजिए। 3

**25.** मुगल पंचायतों ने गाँव की सामाजिक और आर्थिक नीतियों को किस प्रकार प्रभावित किया ? परख कीजिए। 3

**26.** राजमहल पहाड़ियों की भौगोलिक विशेषताओं ने पहाड़िया लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित किया ? स्पष्ट कीजिए। 3

**27.** संविधान सभा का 'उद्देश्य प्रस्ताव' एक 'स्वतंत्र संप्रभु गणराज्य' के रूप में भारत के दृष्टिकोण को कैसे प्रतिबिंबित करता है ? स्पष्ट कीजिए। 3

collegebatch.com

## SECTION B

## (Short-Answer Type Questions) *6×3=18*

**22.** (a) Describe the processes adopted by V.S. Sukthankar and his team in preparing the critical edition of the *Mahabharata*. *3*

**OR**

(b) Describe different patterns of marriages that influenced familial relations during the Mahabharata period. *3*

**23.** "Magadha became a prominent political centre in the ancient India." Explain the statement with examples. *3*

**24.** (a) Imagine yourself as a historian reconstructing the events that took place on the *Mahanavami Dibba*. How would the architecture of the platform help you to understand the royal ceremonies ? Explain. *3*

**OR**

(b) Imagine exploring the roles of the Rayas and the Nayakas in the Vijayanagara Empire. How did their administrative roles influence the empire's stability ? Explain. *3*

**25.** Examine how the Mughal Panchayats influenced social and economic policies of the village. *3*

**26.** How did the geographical features of the Rajmahal hills impact the lives of the Paharias ? Explain. *3*

**27.** How did the 'Objectives Resolution' of the Constituent Assembly reflect the vision of India as an 'Independent Sovereign Republic'. Explain. *3*

## खण्ड ग

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** *3×8=24*

**28.** (क) साँची स्तूप के वास्तुकला ढाँचे में मूर्तिकला के तत्त्वों का कैसे एकीकरण किया गया है ? परख कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) पुराणिक हिंदू धर्म और भक्तिमूलक प्रथाओं के बीच संबंध की परख कीजिए। *8*

**29.** (क) अलवार और नयनार संतों ने तमिल भक्ति आंदोलन के विकास में किस प्रकार योगदान दिया ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) बासवन्ना द्वारा शुरू की गई वीरशैव परंपरा ने मध्ययुगीन कर्नाटक में धार्मिक और सामाजिक सुधार आंदोलनों में कैसे योगदान दिया ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *8*

**30.** (क) "गाँधीजी का 'भारत छोड़ो आंदोलन' के प्रति दृष्टिकोण भारतीयों में राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना था।" उपयुक्त तर्कों द्वारा कथन को न्यायसंगत ठहराइए। *8*

**अथवा**

(ख) "प्रमुख राजनीतिक आंदोलनों में गाँधीजी की भूमिका का पता विभिन्न स्रोतों के माध्यम से लगाया जा सकता है।" कथन को न्यायसंगत ठहराइए। *8*

collegebatch.com

## SECTION C

**(Long-Answer Type Questions)** *3×8=24*

**28.** (a) Examine how the sculptural elements are integrated within the architectural framework of the Sanchi Stupa. *8*

**OR**

(b) Examine the relationship between Puranic Hinduism and devotional practices. *8*

**29.** (a) How did the Alvars and Nayanars contribute to the development of the Tamil Bhakti Movement ? Explain with examples. *8*

**OR**

(b) How did the Virashaiva tradition initiated by Basavanna contribute to the religious and social reform movements in medieval Karnataka ? Explain with examples. *8*

**30.** (a) "Gandhiji's approach to the 'Quit India Movement' involved fostering a sense of national unity among Indians." Justify the statement with suitable arguments. *8*

**OR**

(b) "Gandhiji's role in major political movements can be traced through various sources." Justify the statement. *8*

collegebatch.com

## खण्ड घ

### (स्रोत-आधारित प्रश्न)

$3 \times 4 = 12$

**31.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

***1857 के दो विद्रोही***

**शाह मल**

शाह मल उत्तर प्रदेश के बड़ौत परगना के एक बड़े गाँव के रहने वाले थे। वह एक जाट कुटुम्ब से संबंध रखते थे जो चौरासी देस (चौरासी गाँव) में फैला हुआ था। इस इलाके की ज़मीन सिंचाई की सुविधाओं से लैस और उपजाऊ थी। यहाँ कि मिट्टी काली नम थी। बहुत सारे ग्रामीण संपन्न थे और लोग ब्रिटिश भूराजस्व व्यवस्था को दमनकारी मानते थे : लगान की दर ज़्यादा और वसूली सख़्त थी। नतीजा यह था कि किसानों की ज़मीन बाहरी लोगों के हाथ में जा रही थी। इलाक़े में आने वाले व्यापारी और महाजन ज़मीन पर क़ब्ज़ा करते जा रहे थे।

शाह मल ने चौरासी देस के मुखियाओं और काश्तकारों को संगठित किया। इसके लिए उन्होंने रात के साए में गाँव-गाँव जाकर बात की और लोगों को अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ विद्रोह के लिए तैयार किया। बहुत सारे दूसरे स्थानों की तरह यहाँ भी अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ आंदोलन एक व्यापक विद्रोह में तब्दील हो गया। अब विरोध उत्पीड़न और अन्याय के तमाम चिह्नों के ख़िलाफ़ होने लगा। किसान अपने खेत छोड़कर निकल पड़े और महाजनों व व्यापारियों के घर-बार लूटने लगे। बेदख़ल भूस्वामियों ने छिन चुकी ज़मीनों पर दोबारा क़ब्ज़ा कर लिया। शाह मल के आदमियों ने सरकारी इमारतों पर हमला किया, नदी का पुल ध्वस्त कर दिया और पक्की सड़कों को खोद डाला। इसकी एक वजह यह थी कि वे सरकारी फ़ौजों का रास्ता रोकना चाहते थे। दूसरी वजह यह थी कि पुलों और सड़कों को ब्रिटिश शासन का प्रतीक माना जाता था। उन्होंने दिल्ली में विद्रोह करने वाले सिपाहियों को रसद पहुँचाई और ब्रिटिश हेडक्वार्टर व मेरठ के बीच तमाम सरकारी संचार बंद कर दिया। स्थानीय स्तर पर राजा कहलाने वाले शाह मल ने एक अंग्रेज़ अफ़सर के बंगले में डेरा डाला, उसे "न्याय भवन" का नाम दिया और वहीं से झगड़ों और विवादों का फ़ैसला करने लगे। उन्होंने गुप्तचरी का भी हैरतअंगेज़ नेटवर्क स्थापित कर लिया था। कुछ समय के लिए लोगों को लगा कि फ़िरंगी राज ख़त्म हो चुका है और उनका राज आ गया है।

जुलाई 1857 में शाह मल को युद्ध में मार दिया गया।

(31.1) शाह मल के नेतृत्व ने विद्रोह के प्रसार में कैसे योगदान दिया ? *1*

(31.2) शाह मल के नेतृत्व में विद्रोह ने अंग्रेज़ी सत्ता को किस प्रकार चुनौती दी ? *1*

(31.3) शाह मल द्वारा 'न्याय भवन' की स्थापना उनके शासन के दृष्टिकोण को कैसे दर्शाती है ? *2*

## SECTION D

### (Source-Based Questions)

*3×4=12*

**31.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

***Two rebels of 1857***

**Shah Mal**

Shah Mal lived in a large village in pargana Barout in Uttar Pradesh. He belonged to a clan of Jat cultivators whose kinship ties extended over *chaurasee des* (eighty-four villages). The lands in the region were irrigated and fertile, with rich dark loam soil. Many of the villagers were prosperous and saw the British land revenue system as oppressive: the revenue demand was high and its collection inflexible. Consequently cultivators were losing land to outsiders, to traders and moneylenders who were coming into the area.

Shah Mal mobilised the headmen and cultivators of *chaurasee des*, moving at night from village to village, urging people to rebel against the British. As in many other places, the revolt against the British turned into a general rebellion against all signs of oppression and injustice. Cultivators left their fields and plundered the houses of moneylenders and traders. Displaced proprietors took possession of the lands they had lost. Shah Mal's men attacked government buildings, destroyed the bridge over the river, and dug up metalled roads – partly to prevent government forces from coming into the area, and partly because bridges and roads were seen as symbols of British rule. They sent supplies to the sepoys who had mutinied in Delhi and stopped all official communication between British headquarters and Meerut. Locally acknowledged as the Raja, Shah Mal took over the bungalow of an English officer, turned it into a "hall of justice", settling disputes and dispensing judgments. He also set up an amazingly effective network of intelligence. For a period the people of the area felt that *firangi raj* was over, and their *raj* had come.

Shah Mal was killed in battle in July 1857.

(31.1) How did Shah Mal's leadership contribute to the spread of the rebellion ? *1*

(31.2) How did the rebellion led by Shah Mal challenge the authority of the British ? *1*

(31.3) How does Shah Mal's establishment of a "hall of justice" reflect his vision of governance ? *2*

**32.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**हड़प्पा की बस्तियाँ**

अब तक भारतीय उपमहाद्वीप में 2000 से अधिक हड़प्पा पुरातात्विक स्थल खोजे जा चुके हैं। अधिकांश स्थल सिंधु और सरस्वती नदी घाटियों के बीच स्थित पाए जाते हैं। लगभग 2/3 बस्तियाँ सरस्वती बेसिन में हैं, जो इसका अत्यधिक महत्त्व दर्शाती हैं। पाँच प्रमुख शहरों की पहचान की गई है। वे हैं – राखीगढ़ी, मोहनजोदड़ो, हड़प्पा, धोलावीरा और गनवेरीवाला। शेष विभिन्न श्रेणियों जैसे क्षेत्रीय केंद्र, कृषि गाँव, बंदरगाह और विनिर्माण केंद्र में हैं।

(32.1) सरस्वती बेसिन में हड़प्पा बस्तियों की सघनता के महत्त्व की परख कीजिए। *1*

(32.2) हड़प्पा पुरास्थलों के वर्गीकरण के महत्त्व की परख कीजिए। *1*

(32.3) हड़प्पा बस्तियों को बनाए रखने में नदियों की भूमिका की परख कीजिए। *2*

**33.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**घोंसले से निकलता पक्षी**

यह *रिह्‌ला* से लिया गया एक उद्धरण है :

अपने जन्म स्थान तैंजियर से मेरा प्रस्थान गुरुवार को हुआ... मैं अकेला ही निकल पड़ा, बिना किसी साथी यात्री... या कारवाँ के जिसकी टोली में मैं शामिल हो सकूँ, लेकिन अपने अंदर एक अधिप्रभावी आवेग और इन प्रसिद्ध पुण्यस्थानों को देखने की इच्छा जो लंबे समय से मेरे अंत:करण में थी, से प्रभावित होकर। इसलिए मैंने अपने प्रियजनों को छोड़ जाने के निश्चय को दृढ़ किया और अपने घर को ऐसे ही छोड़ दिया जैसे पक्षी अपने घोंसलों को छोड़ देते हैं... उस समय मेरी उम्र बाईस वर्ष थी।

इब्न बतूता 1354 में घर वापस पहुँचा, अपनी यात्रा आरंभ करने के लगभग तीस वर्ष बाद।

(33.1) इब्न बतूता के प्रस्थान के संदर्भ में पक्षी के घोंसला छोड़ने के प्रतीकवाद का विश्लेषण कीजिए। *1*

(33.2) इब्न बतूता को अपनी यात्रा के दौरान आई किसी एक चुनौती का विश्लेषण कीजिए। *1*

(33.3) संस्कृति के संदर्भ में इब्न बतूता की यात्रा के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए। *2*

collegebatch.com

**32.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**Harappan Settlements**

So far, more than 2000 Harappan archaeological sites have been discovered in the Indian sub-continent. Most of the sites are found located between the Indus and the Saraswati River basins. Nearly two-thirds of these settlements are in the Saraswati basin, suggesting its immense importance for the Harappan Civilisation. Among these, five major cities have been identified. These are Rakhigarhi, Mohenjodaro, Harappa, Dholavira and Ganweriwala. The remaining sites come under different categories such as Regional Centres, agricultural villages, ports and manufacturing centres.

(32.1) Examine the significance of the concentration of Harappan settlements in the Saraswati Basin. *1*

(32.2) Examine the importance of classifying Harappan sites. *1*

(32.3) Examine the role of rivers in sustaining the Harappan settlements. *2*

**33.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**The bird leaves its nest**

This is an excerpt from the *Rihla* :

My departure from Tangier, my birthplace, took place on Thursday... I set out alone, having neither fellow-traveller... nor caravan whose party I might join, but swayed by an overmastering impulse within me and a desire long-cherished in my bosom to visit these illustrious sanctuaries. So I braced my resolution to quit all my dear ones, female and male, and forsook my home as birds forsake their nests ... My age at that time was twenty-two years.

Ibn Battuta returned home in 1354, about 30 years after he had set out.

(33.1) Analyse the symbolism of the bird leaving its nest in the context of Ibn Battuta. *1*

(33.2) Analyse any one challenge that Ibn Battuta faced during his journey. *1*

(33.3) Analyse the significance of Ibn Battuta's journey in the context of culture. *2*

## खण्ड ङ

**(मानचित्र-आधारित प्रश्न)** *3+2=5*

**34.** (34.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ **27** पर) में, निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) अमरावती – स्तूप

(ii) बनावली – सिंधु घाटी स्थल

(iii) (क) अजमेर – मुगलों के नियंत्रण वाला क्षेत्र

**अथवा**

(iii) (ख) विजयनगर – विजयनगर साम्राज्य की राजधानी

(34.2) **भारत** के इसी रेखा-मानचित्र पर भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से संबंधित दो केन्द्रों को 'A' और 'B' से अंकित किया गया है। इनको पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए। *2*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **34** के स्थान पर हैं :*

(34.1) मध्य भारत में स्थित किन्हीं दो प्राचीन बौद्ध स्थलों का उल्लेख कीजिए। *2*

(34.2) (क) मुगल साम्राज्य के अधीन किसी एक क्षेत्र का उल्लेख कीजिए। *1*

**अथवा**

(34.2) (ख) विजयनगर साम्राज्य की राजधानी का नाम लिखिए। *1*

(34.3) 1857 के विद्रोह के किन्हीं दो केन्द्रों का उल्लेख कीजिए। *2*

collegebatch.com

## SECTION E

## (Map-Based Questions) *3+2=5*

**34.** (34.1) On the given political outline map of **India** (on page 27), locate and label the following with appropriate symbols : *3×1=3*

(i) Amravati – Stupa

(ii) Banawali – Indus Valley Site

(iii) (a) Ajmer – Territory under the control of the Mughals

**OR**

(iii) (b) Vijayanagara – Capital of Vijayanagara Empire

(34.2) On the same outline map of **India**, two places have been marked as 'A' and 'B', as the centres of the Indian National Movement. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. *2*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***34*** *:*

(34.1) Mention any two ancient Buddhist sites in Central India. *2*

(34.2) (a) Mention any one territory under the Mughal Empire. *1*

**OR**

(34.2) (b) Name the capital of Vijayanagara Empire. *1*

(34.3) Mention any two centres of the Revolt of 1857. *2*

collegebatch.com

प्रश्न सं. 34 के लिए

For question no. 34

**भारत का रेखा – मानचित्र (राजनीतिक)**

**Outline Map of India (Political)**

